आकाशवाणी चंडीगढ़

10 जुलाई 2025, समय 1810

मुख्य समाचार :-

1. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि गैर बैंकिंग वित्तीय कमंपनियों की ऋण वसूली प्रक्रियाएं निष्पक्ष, सहानुभूतिपूर्ण और सम्मानजनक होनी चाहिए।

2. दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में आज सुबह भूकंप के झटके महसूस किये गए।

3. हरियाणा को कृषि व् किसान कल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए नीति नेतृत्व यानी पालिसी लीडरशिप अवार्ड से नवाज़ा गया।

4. हरियाणा में कल से उज्जवल दृष्टि - हरियाणा अभियान की शुरुआत होगी। स्वास्थय मंत्री आरती सिंह राव हिसार से अभियान की शुरुआत करेंगी।

5. कैथल पुलिस ने पुण्डरी क्षेत्र से 242 किलोग्राम से अधिक डोडा पोस्त सहित एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया।

****

वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा है कि गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों की ऋण वसूली प्रक्रियाएं निष्पक्ष, सहानुभूतिपूर्ण और सम्मानजनक होनी चाहिए। साथ ही ये रिजर्व बैंक की निष्पक्ष प्रक्रिया संहिता के अनुरूप होनी चाहिए। नई दिल्ली में गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों से जुड़ी संगोष्ठी को संबोधित करते हुए उन्होंने यह बात कही। श्रीमती सीतारामन ने कहा कि वित्तीय समावेशन की

आड़ में वित्तीय शोषण नहीं किया जाना चाहिए।वित्तमंत्री ने कहा कि गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के लिए ये आवश्यक है कि वे प्रशासन, जोखिम प्रबंधन और ग्राहकों की सुरक्षा को अपने मूल सिद्धांतों और नैतिक □ांचे का महत्वूपर्ण हिस्सा बनाए।

****

दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में आज सवेरे भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 4 दशमलव 4 मापी गई। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार भूकंप का केंद्र हरियाणा के झज्जर में था।

****

हरियाणा को कृषि व किसान कल्याण के क्षेत्र मे उल्लेखनीय कार्य करने के लिए नीति नेतृत्व यानी पॉलिसी लीडरशिप अवार्ड से नवाजा गया है।

केंद्रीय उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कल देर शाम नई दिल्ली में आयोजित 16वें कृषि नेतृत्व सम्मेलन में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को यह सम्मान प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने इस उपलब्धि का श्रेय प्रदेश के कर्मठ और परिश्रमी किसानों को दिया।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि खेती केवल व्यवसाय नहीं है, यह हमारी संस्कृति, हमारी आत्मा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 में विकसित भारत का जो संकल्प लिया है उसमें हरियाणा का अन्नदाता उसका एक प्रमुख स्तंभ है। एक विकसित, मजबूत और समृद्ध भारत तभी संभव होगा, जब हमारा किसान खुशहाल और आत्मनिर्भर बनेगा।

श्री नायब सिंह सैनी ने कृषि क्षेत्र में तकनीक के प्रयोग को बढ़ावा देने के विषय पर बोलते हुए कहा कि आज डिजीटल तकनीक ने खेती को बदल दिया है। आज किसान

स्मार्ट खेती की ओर बढ़ रहे हैं। हरियाणा के प्रगतिशील किसान आज खेती में ड्रोन, रिमोट सेंसिंग, एआई और डिजिटल खेती जैसे नवाचारों को अपना रहे हैं। उन्होंने बताया कि ड्रोन तकनीक से अब खेतों में कीटनाशक एवं खादों का छिडक़ाव हो रहा है। फसल बीमा योजना की ऑनलाइन निगरानी हो रही है। ई नेम जैसे पोर्टल से किसानों को देशभर की मंडियों तक सीधी पहुंच मिल रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का विजन आधुनिक तकनीक के माध्यम से हरियाणा की कृषि को आधुनिक, कुशल और भविष्य के लिए तैयार करना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में स्टार्टअप्स और कृषि उद्यमिता को लेकर सार्थक पहल की हैं

मुख्यमंत्री ने बताया कि आज प्रदेश में भूमि रिकॉर्ड और फसल मूल्यांकन में भी ड्रोन का प्रभावी उपयोग किया जा रहा है। इतना ही नहीं, ड्रोन दीदी योजना के तहत 5 हजार महिलाओं को ड्रोन प्रशिक्षण देने का लक्ष्य रखा है। इसी प्रकार हरियाणा की 108 मंडियों को ई नेम प्लेटफॉर्म से जोड़ा जा चुका है। इससे किसान अपनी उपज को राज्य या देश की किसी भी मंडी में बेच सकते हैं, जिसमें उन्हें बेहतर मूल्य मिलता है।

उन्होंने बताया कि किसानों को हर खेत-स्वस्थ खेत अभियान के तहत 90 लाख मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए जा चुके हैं। वहीं किसानों को सूक्ष्म सिंचाई तकनीकों पर 85 प्रतिशत तक सब्सिडी दी जा रही है।

उन्होंने कहा कि किसान से पराली न जलाने का सरकार ने आग्रह किया है, जो किसान पराली नहीं जला रहे उन किसानों को प्रति एकड़ पंद्रह सौ रुपये देने का काम सरकार ने किया है।

सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने बताया कि आज हरियाणा एक मात्र राज्य है, जहां किसानों की सभी 24 फसलों की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जाती है। उन्होंने कहा कि मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर प्रदेश का हर किसान घर बैठे ऑनलाइन अपनी बोई गई फसल व खाली छोड़ी गई जमीन का विवरण डाल रहा है जिससे फसल बिकने के 48 घंटे के भीतर किसान को उसकी फसल का सारा पैसा उसके बैंक खाते में मिल जाता है।

****

हरियाणा में कल से उज्जवल दृष्टि - हरियाणा अभियान की शुरुआत की जाएगी। हरियाणा की स्वास्थय मंत्री कुमारी आरती सिंह राव हिसार से इस अभियान का शुभारम्भ करेंगी। हरियाणा के स्वास्थय महानिदेशक डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि इस अभियान के दौरान बच्चों व् 45 वर्ष से अधिक आयु के लोगों की जांच की जाएगी।

उन्होंने कहा कि जिनकी आँखों की नज़र कम होगी उन्हें नि:शुल्क चश्में दिए जायेंगे। जांच के दौरान किसी व्यक्ति में मोतिया बिन्द की शिकायत मिलती है तो सरकारी अस्पतालों में उसकी नि:शुल्क सर्जरी की जाएगी।

डॉ. कुलदीप सिंह ने खा कि इस अभियान का उद्देश्य दृष्टि हीनता को जड़ से ख़त्म करना है।

****

हरियाणा के पंचकूला ज़िले में उज्जवल दृष्टि - हरियाणा अभियान के तहत लोगों को 7500 चश्में दिए जायेंगे। उप सिविल सर्जन डॉ. अरविन्द सहगल ने

बताया कि ये चश्में पंचकूला के नागरिक अस्पताल व् कालका और रायपुररानी के स्वास्थय केंद्रों में आवंटित किये जायेंगे।

उन्होंने कहा कि स्कूलों में भी बच्चों की आँखों कि जांच की जाएगी। डॉ. अरविन्द सहगल ने बताया :-

जींद के नागरिक अस्पताल की नेत्र रोग विशेषज्ञा डॉ. गीतांशु ने बताया कि जींद के नागरिक अस्पताल में भी आँखों की जांच होगी और चश्मा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि स्वास्थय विभाग की टीमें इस जन कल्याण अभियान को सफल बनाने के लिए पूरी तरह मुस्तैद हैं।

****

कैथल पुलिस की स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट ने पूंडरी क्षेत्र से 242 किलो 56 ग्राम डोडा पोस्त सहित एक नशा तस्कर को काबू किया है।

उप पुलिस अधीक्षक गुरविंद्र सिंह ने बताया कि करनाल के नीलोखेड़ी निवासी स्वर्ण सिंह को मोहना गांव में राष्ट्रीय राजमार्ग पर पुल के नीचे से काबू किया गया।उन्होंने बताया--

प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी को पहले भी नशा तस्करी के एक मामले में करनाल पुलिस ने गिरफ्तार किया था। इस समय आरोपी जमानत पर आया हुआ था।

****

आगामी 13 जुलाई को कैथल में हाफ मैराथन का आयोजन किया जाएगा। कैथल की उपायुक्त ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

उन्होंने कहा कि हाफ मैराथन के आयोजन का उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश देना है।

उपयुक्त ने कहा कि इस मैराथन में खिलाड़ी, विद्यार्थी, अधिकारी, कर्मचारी, जन प्रतिनिधि, प्रगतिशील किसान, युवा, सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं से जुड़े लोग नशे के खिलाफ एक साथ कदमताल करेंगे।

मैराथन के ब्रांड एम्बेसडर पारा ओलिंपिक विजेता हरविंद्र सिंह ने सभी से मैराथन में भाग लेना की अपील की।

****